बौद्धिक संपदा अधिकार के मानक विषय पर सेमिनार का आयोजन

पाली | बांगड़ कॉलेज एवं राजकीय विधि महाविद्यालय पाली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अंतरराष्ट्रीय मानक एवं विकासशील देशों के व्यापारिक हित विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय ई-कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्रुति गुप्ता, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने सम्बोधित किया। सेमीनार के सचिव कीर्तिपालसिंह काबावत ने बताया कि सेमीनार के तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। जिसमें प्रोफेसर अमरपालसिंह, जीजीएसआईपी यूनिवर्सिटी द्वारका, नई दिल्ली, डॉ. मनोज के. बालान पेंटेट एण्ड डिजाइन परीक्षक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार एवं डॉ. अशोक सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने सेमीनार के विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिए। स्वागत भाषण डॉ. तपन पुरोहित व विदाई भाषण सेमीनार के संरक्षक डॉ. कुलदीप सिंह गहलोत ने दिया। सेमीनार की अध्यक्षता डॉ. विष्णुदत्त दवे, प्राचार्य, गांधी बधिर महाविद्यालय, जोधपुर के द्वारा की गई।

राष्ट्रीय इ कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

पाली @ पत्रिका. राजकीय स्नातकोत्तर बांगड़ महाविद्यालय एवं राजकीय स्नातकोत्तर विधि महाविद्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अन्तरराष्ट्रीय मानक एवं विकासशील देशों के व्यापारिक हित विषय पर राष्ट्रीय इ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. विष्णुदत्त दवे प्राचार्य गांधी बधिर महाविद्यालय जोधपुर ने की। सेमिनार के सचिव कीर्तिपालसिंह काबावत ने बताया कि डॉ. श्रुति गुप्ता आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने सेमिनार के बारे में जानकारी दी। जीजीएसआईपी यूनिवर्सिटी द्वारका नई दिल्ली के डॉ.अमरपालसिंह, डॉ. पेटेंट एण्ड डिजाइन परीक्षक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मनोज के बालान, डॉ. अशोक सोनी वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने विचार रखे। इस मौके विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. तपन पुरोहित, बांगड़ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कुलदीपसिंह गहलोत, डॉ. प्रीति माथुर, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नेमीचंद, मुकेश सांखला, डॉ. विनीता अरोड़ा, डॉ. विक्रमसिंह, दिलीपसिंह राठौड़, डॉ. आरिफ अली मोयल, डॉ. स्वाति सोनी, विश्वमैत्री शेखावत, डॉ. भगवानदास, तकनीकी सहायक अल्ताफ हुसैन, महिपाल राव आदि मौजूद रहे।